क्रमांक– शे/ 25 **कार्यालय– मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जोधपुर जिला (राज.)**

दिनांक– **01.08.2023**

: : कार्यालय आदेश : :

मैं श्रीमती गरिमा सौदा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जोधपुर जिला दण्ड प्रकिया संहिता की धारा 14 सपठित धारा 15(2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **माह अगस्त, 2023 के राजकीय अवकाशों को** जोधपुर जिला न्यायक्षेत्र में उत्पन्न होने वाले आवश्यक आपराधिक प्रकरणों यथा रिमाण्ड, जमानत, मृत्युकालीन कथन, मृत्यु समीक्षा एवं अन्य आवश्यक कार्य यथा प्रोटोकॉल आदि के लिए इस कार्यालय आदेश के जरिये कॉलम संख्या (2) में अंकित न्यायिक अधिकारीगण को उनके नाम के आगे कॉलम संख्या (4) मे अंकित अवकाश की तिथि को एवं नियत तिथि के पूर्ववर्ती कार्यदिवस को कार्यालय समय पश्चात् से पश्चात्वर्ती कार्य दिवस को कार्यालय समय पूर्व तक अपने मुख्यालय पर रहकर और यदि किसी कारण से नियत तिथि से पूर्ववर्ती या पश्चात्वर्ती कार्य दिवस का अवकाश घोषित होता है, तो संबधित अधिकारी को मुख्यालय पर ही रहकर कोविड–19 महामारी से बचाव के संबंधित मानक प्रोटोकॉल को दृष्टिगत रखते हुए , उक्त कार्य सम्पादित करने के लिए अधिकृत करती हूँ।

(1) क्रम संख्या	(2) नाम अधिकारी	(3) पद नाम	(4) दिनांक
1	श्री तरूणकांत तिवारी	अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या 01–फलोदी।	**06.08.2023**
2	सुश्री नेहा गोयल	अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या 02–फलोदी।	**09.08.2023**
3	श्री ललित कुमार	न्यायिक मजिस्ट्रेट, फलोदी।	**12.08.2023** **13.08.2023**
4	श्रीमती इंदू चौधरी	अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालेसर।	**15.08.2023**
5	श्रीमती अलका जोशी	अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पीपाडशहर।	**20.08.2023**
6	श्री जयराम	न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय ओसियां।	**26.08.2023** **27.08.2023**
7	श्रीमती हुमा कोहरी	न्यायिक मजिस्ट्रेट, भोपालगढ।	**30.08.2023**

साथ ही, यह भी निर्देशित किया जाता है कि यदि कोई पीठासीन अधिकारी , जिन्हे उक्त अवकाश के दिवसो का उक्तानुसार आवश्यक कार्य करने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है, किन्तु वह अपने मुख्यालय पर (उपार्जित /अर्द्धवैतनिक/रूपान्तरित अवकाश के अतिरिक्त) उपलब्ध है, तो उनके द्वारा उस मुख्यालय पर स्थित न्यायालयो के उक्तानुसार ही आवश्यक प्रकृति के कार्य निष्पादित किये जावेंगे। यह और भी, निर्देशित किया जाता है कि लैंगिक अपराधो से बालकों के सरंक्षण अधिनियम, 2012 के अन्तर्गत गिरफ्तार किए गए अभिकथित आरोपी/ आरोपीगण के रिमाण्ड बाबत् उक्त अधिकृत पीठासीन अधिकारी विधिनुसार आदेश पारित करेंगे। साथ ही **एन.डी.पी.एस.** प्रकरणों के रिमाण्ड के संबंध मे माननीय जिला एव सेशन न्यायाधीश महोदय जोधपुर जिला के आदेश क्रमांक स्था0/2022/1090–1104 दिनांक 12.04.2022 के अनुसार आदेश पारित करेंगे।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
जोधपुर जिला, जोधपुर।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
जोधपुर जिला (राजस्थान)